कार्यालय जनपद न्यायाधीश, ललितपुर।

प्रशासनिक आदेश संख्या– 145 /2024 **दिनांक–** 29–04–2024

आदेश

अध्यक्ष, जिला बार एसोशियेशन, ललितपुर द्वारा दिनांक 01.05.2024 से 30.06.2024 तक प्रातःकालीन न्यायालय संचालित किये जाने हेतु प्रस्ताव दिनांकित 24.04.2024 प्रस्तुत किया गया है एवं जिला बार एसोसियेशन के अन्य अधिवक्तागण द्वारा यथासमय न्यायालय संचालित किये जाने हेतु प्रस्ताव दिनांकित 25.04.2024 प्रस्तुत किया गया है।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त पत्र संख्या 6354/ Main(P) / Admin(A–3), Allahabad, Dated: 29.04.2016 के अनुसार जिला बार एसोसियेशन की सहमती के आधार पर प्रातःकालीन न्यायालय संचालित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। चूंकि प्रातःकालीन न्यायालय संचालित किये जाने हेतु प्रस्ताव अध्यक्ष, जिला बार एसोसियेशन, ललितपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

अतः माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त पत्र संख्या 7356/ Main(P) / Admin(A–3), Allahabad, Dated: 31.05.2019 एवं पत्र संख्या 6354/ Main(P) / Admin(A–3), Allahabad, Dated: 29.04.2016 में निर्गत निर्देशो के अनुक्रम में जजशिप ललितपुर की मुख्यालय ललितपुर, तहसील महरौनी एवं तहसील तालबेहट में अधोहस्ताक्षरी के अधीन सभी सिविल एवं दाण्डिक न्यायालय एवं उनके कार्यालय तथा समस्त अनुभाग, दिनांक 01.05.2024 से 30.06.2024 तक की अवधि में प्रातः कालीन संचालित होंगे।

उक्त अवधि में उक्त न्यायालयों एवं उनके कार्यालयों तथा अनुभागों का संचालन समय, निम्न प्रकार होगा :–

न्यायालय का समय	–	**पूर्वान्ह 07:00 बजे से 01:00 बजे तक।**
कार्यालय का समय	–	**पूर्वान्ह 06:30 बजे से 01:30 बजे तक।**
भोजनावकाश/विश्रांति	–	**अपरान्ह 10:30 बजे से 11.00 बजे तक।**

सभी न्यायालयों, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक, ललितपुर एवं सर्व सम्बन्धित को इस आदेश की प्रतिलिपि प्रेषित की जावे।

Sd/–
(आलोक कुमार पाराशर)
जनपद न्यायाधीश
ललितपुर।